# उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच
# ऊधमसिंह नगर क्षेत्र, रूद्रपुर

उपभोक्ता परिवाद सं0: 191 / 2023–24 दिनांक : **25.10.2023**

उपस्थितः श्री रमेश चन्द्र कुकरेती
(न्यायिक सदस्य)

श्री नवीन चन्द्र तिवारी
(तकनीकी सदस्य)

श्री सुभाष चन्द्र भट्ट
(उपभोक्ता सदस्य)

**श्रीमती लखविन्दर कौर पत्नी श्री हरजिन्दर सिंह,**
**ग्राम रघुलिया सरपड़ा, खटीमा।** **परिवादी**

बनाम

**अधिशासी अभियन्ता**
**विद्युत वितरण खण्ड, खटीमा।** **विपक्षी**

## निर्णय

परिवादिनी श्रीमती लखविन्दर कौर पत्नी श्री हरजिन्दर सिंह की यह शिकायत दिनांक 11.10.2023 को कार्यालय, विद्युत वितरण खण्ड, खटीमा में आयोजित शिविर के दौरान इस उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के समक्ष प्रस्तुत की गई। शिकायतकर्ता का कथन है कि उनके विद्युत संयोजन संख्या–KH1P111160122 (01 किलोवाट घरेलू) का विद्युत बिल अधिक आ रहा था जिसकी शिकायत विभाग में की गयी तो विभाग द्वारा दिनांक 19.08.2020 को मीटर तो बदल दिया गया, परन्तु बिल सही नहीं किया गया। वर्तमान समय में भी विभाग द्वारा आर0डी0एफ0 के आधार पर बिल जारी किए जा रहे हैं। शिकायतकर्ता ने इस मंच से अपने आर0डी0एफ0 विद्युत बिल (रू0 41407.00) को संशोधित कराने की प्रार्थना की है।

उपरोक्त शिकायत के निस्तारण के लिए इस उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच द्वारा विपक्षी विभाग के अधिशासी अभियन्ता को अविलम्ब रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

विपक्षी विभाग के अधिशासी अभियन्ता ने दिनांक 25.10.2023 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर इस मंच को अवगत कराया कि परिवादिनी का विद्युत बिल संशोधित कर रू0 23269.00 का बना दिया गया है। विपक्षी विभाग द्वारा अपने जवाब के साथ साक्ष्य स्वरूप संशोधित विद्युत बिल की

क्रमशः 2.....

गणना व कंज्यूमर बिलिंग हिस्ट्री भी प्रस्तुत की गई। तद्नुसार परिवादी की समस्या का समाधान कर दिया गया है।

## आदेश

परिवादिनी द्वारा प्रस्तुत परिवाद स्वीकार किया जाता है। विपक्षी विभाग द्वारा परिवादिनी की शिकायत का उपरोक्तानुसार समाधान कर दिया गया है। तद्नुसार यह परिवाद निस्तारित किया जाता है। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। इस निर्णय से संतुष्ट नहीं होने पर परिवादी आदेश प्राप्ति के 30 दिन के भीतर माननीय औम्बड्समैन, 80, वसंत विहार, फेज—1, देहरादून के समक्ष अपील कर सकती है।

25/10/2023 25/10/2023

| (रमेश चन्द्र कुकरेती)<br>न्यायिक सदस्य | (नवीन चन्द्र तिवारी)<br>तकनीकी सदस्य | (सुभाष चन्द्र भट्ट)<br>उपभोक्ता सदस्य |
|---|---|---|